**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.09.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# एनएसएस वॉलंटियर्स की टीम ने चलाया पोषण अभियान



गांव राजपुर कलां और कांवरा में जागरूकता अभियान चला

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की एनएसएस वॉलंटियर्स की टीम ने पोषण अभियान के तहत गांव राजपुर कलां व कांवरा में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों को कुपोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पौष्टिक आहार के बारे में बताया। यूनिवर्सिटी के एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप डिमरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सितंबर महीना राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत यूनिवर्सिटी के छात्रों ने गांवों में जाकर यह अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के 60 एनएसएस वॉलंटियर्स गांवों में जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। बच्चों व महिलाओं को डायरिया, एनीमिया जैसी बीमारियों से बचने के तरीके बताए जा रहे हैं और उन्होंने पौष्टिक व संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों में छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने वॉलंटियर्स को बधाई दी।

**NEWS CLIPPING: 19.09.2019**

**AMAR UJALA**

# 'कुपोषण से लड़ने को सबकी भागीदारी जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

## जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों ने चलाया पोषण अभियान

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की एनएसएस स्वयं सेवक टीम ने पोषण अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद के गांव राजपुर कलां, कंवरा और फलोदी में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर लोगों को कुपोषण के कारण, इससे होने वाले दुष्प्रभाव और बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी।

जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सितंबर 2019 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कारण विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए अभियान में लगभग 60 एनएसएस स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं को एनीमिया और डायरिया जैसे बीमारियों से रोकथाम की जानकारी दी और उन्हें बचाव के उपाय बताए। स्वयं सेवकों द्वारा



पौष्टिक व संतुलित आहार से संबंधित जानकारी के पर्चे भी बांटे गए। अभियान का आयोजन विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप डिमरी की देखरेख में किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिंदू मंगला, उमेश कुमार, नितिन पंवार की भी अहम भागीदारी रही।

**NEWS CLIPPING: 19.09.2019**

**HINDUSTAN**

# कुपोषण मुक्त के लिए अभियान चलाया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) एनएसएस कार्यकर्ताओं की टीम बुधवार को पोषण अभियान के तहत राजपुर कलां, कंवरा तथा फलोदी में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को कुपोषण के कारण और उसके दुष्प्रभावों के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही पौष्टिक आहार के विषय में जानकारी दी। आयोजन विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप डिमरी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर डॉ. बिन्दू मंगला, उमेश कुमार तथा नीतीन पंवार मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 19.09.2019**

**THE TRIBUNE**

# AWARENESS CAMPAIGN ON NUTRITION

**Faridabad:** In order to create awareness about the benefits of consuming nutritious diet, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, conducted an awareness campaign at Rajpur Kalan, Kanwra and Phalodi villeges in the district. The campaign was organised to encourage the people to participate in a nationwide Nutrition Movement. During the campaign carried out by the university in the villages, about 60 NSS volunteers sensitised villagers, especially children and women, about the prevention of iron deficiency anaemia and diarrhoea. Pamphlets containing information about balanced and healthy diet were also distributed to the villagers.

The Tribune Thu, 19 September 201
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 19.09.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# कुपोषण से लड़ने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी प्रो. दिनेश

## एनएसएस के वालंटियर्स ने चलाया पोषण अभियान

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**

जेसी बोस यूनिवर्सिटी के एनएसएस वालंटियर्स ने पोषण अभियान के तहत बुधवार को राजपुरकलां, कांवरा तथा फलोदी गांव में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को कुपोषण के कारण तथा इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पौष्टिक आहार के बारे में भी जानकारी दी गई। देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पोषण अभियान में हिस्सा लेने वाले वालंटियर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पोषण अभियान को एक जनांदोलन का रूप देने का आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। अभियान में बच्चों और महिलाओं को एनीमिया एवं डायरिया जैसे बीमारियों से बचाव संबंधी उपायों के बारे में बताया। इस दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार से संबंधित जानकारी दी। डा. प्रदीप डिमरी, कार्यक्रम अधिकारी डा. बिंदु मंगला, उमेश कुमार तथा नितिन पंवार के नेतृत्व में एनएसएस टीम ने गांवों में डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया।